

# अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से....

01 अक्टूबर, 2024

**प्रिय साथियो,**

एनएचपीसी द्वारा 20 सितंबर, 2024 को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए भारत सरकार को 338.51 करोड़ रुपए का अंतिम लाभांश का भुगतान किया गया है। इस प्रकार, वित्तीय वर्ष (2023-24) के लिए भारत सरकार को 947.82 करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश सहित, कुल लाभांश भुगतान 1286.33 करोड़ रुपए किया गया है। मैंने, 23 सितंबर, 2024 को श्री मनोहर लाल, माननीय केंद्रीय विद्युत एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री महोदय को लाभांश भुगतान बैंक एडवाइस सौंपी। यह महत्वपूर्ण वित्तीय उपलब्धि हमारी सुदृढ़ वित्तीय स्थिति और हमारे हितधारकों द्वारा हम पर किए गए विश्वास को दर्शाती है।

भारत सरकार द्वारा एनएचपीसी को नवरत्न का दर्जा प्रदान किए जाने के पश्चात, मैंने कार्यात्मक निदेशकों के साथ दिनांक 01 सितंबर, 2024 को श्री मनोहर लाल, माननीय केंद्रीय विद्युत एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री, श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत) और श्री मोहम्मद अफजल, संयुक्त सचिव (हाइड्रो) से मुलाकात की। मैंने विद्युत मंत्रालय से प्राप्त सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया और यह आश्वासन दिया है कि एनएचपीसी विद्युत क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करती रहेगी।

एनएचपीसी ने 27 सितंबर, 2024 को आंध्र प्रदेश पावर जनरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एपीजीईएनसीओ) के साथ संयुक्त उद्यम समझौता (जेवीए) किया है। इस समझौते का उद्देश्य आंध्र प्रदेश में ऊर्जा भंडारण और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का बड़े स्तर पर विकास करना है। श्री एन. चंद्रबाबू नायडू, माननीय मुख्यमंत्री, आंध्र प्रदेश और राज्य सरकार के अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में इस समझौते का आदान प्रदान किया गया।

एनएचपीसी ने दिनांक 03 सितंबर, 2024 को श्री देवेंद्र फडणवीस, माननीय उप मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र की उपस्थिति में 7350 मेगावाट की कुल क्षमता वाली पंप स्टोरेज परियोजनाओं के विकास के लिए जल संसाधन विभाग, महाराष्ट्र सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

केरल के कोल्लम के वेस्ट कल्लड़ में 50 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर प्लांट स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, 07 सितंबर 2024 को एनएचपीसी और डब्ल्यूकेएनसीईपीपीएल (भूमि/जल निकाय मालिकों के स्वामित्व वाली कंपनी) के बीच जल निकाय/भूमि को हस्तांतरण करने के लिए लीज डीड निष्पादित की गई। 25 वर्ष की परियोजना अवधि के दौरान भूमि मालिकों के साथ 3% राजस्व साझा करना इस परियोजना की अनूठी विशेषता है।

दिनांक 03 सितंबर, 2024 को, मैंने श्री पेमा खांडू, माननीय मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश की अध्यक्षता में छठी संचालन समिति (स्टीयरिंग कमेटी) की बैठक में भाग लिया। इस बैठक में अरुणाचल प्रदेश में 13 जलविद्युत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त, 4 सितंबर, 2024 को, मुझे श्री हिमंत बिस्वा सरमा, माननीय मुख्यमंत्री, असम से मिलने का अवसर मिला। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रही निर्माण गतिविधियों और सीएसआर पहलों पर चर्चा की।

गुजरात के गांधीनगर में आयोजित चौथे ग्लोबल री- इन्वेस्ट में मुझे 80,000 करोड़ रुपए के निवेश से वर्ष 2030 तक 16,700 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा संस्थापित करने तथा 500 मीट्रिक टन प्रति वर्ष हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए प्रतिबद्धता पत्रों पर हस्ताक्षर करने का सम्मान प्राप्त हुआ। यह पहल भारत के 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगी और 20,000 रोजगार के अवसर सृजित करेगी। री-इन्वेस्ट में हमारी महत्वाकांक्षी प्रतिबद्धताएं देश के सतत ऊर्जा परिदृश्य तथा एनर्जी ट्रांजिशन को आगे बढ़ाने में एनएचपीसी की अग्रणी भूमिका को रेखांकित करती हैं।

मुझे 25 सितंबर 2024 को नई दिल्ली में इकोनॉमिक टाइम्स एनर्जी लीडरशिप समिट 2024 में "टेक्नॉलिजी, पॉलिसी एण्ड फाइनेंस: ए पैनेसिया फॉर द इंडियन पावर सेक्टर " विषय पर आयोजित चर्चा में भाग लेने का अवसर मिला। चर्चा के दौरान, विद्युत क्षेत्र में सुधारों के लिए नीति और विनियामक ढांचे, निवेश के अवसरों और वित्तीय तंत्रों, बढ़ती विद्युत मांग को पूरा करना, परिवर्तनकारी बदलावों के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना और ग्रिड के लचीलेपन के लिए कार्यनीति विकसित करना और ऊर्जा उपलब्धता में सुधार आदि जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

माह सितंबर 2024 के अंत तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 15013 मिलियन यूनिट था। माह सितंबर 2024 दौरान कुल राजस्व संग्रह 1022.95 करोड़ रुपए रहा है।

**इस माह की अन्य मुख्य विशेषताएं:**

- श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, माननीय राज्यपाल, असम द्वारा गुवाहाटी में 'वाइब्रेंट नॉर्थ ईस्ट 2024' में एनएचपीसी के पैवेलियन का उद्घाटन किया गया। इस दौरान पूर्वोत्तर भारत पर विशेष ध्यान देने के साथ एनएचपीसी की गतिविधियों को प्रमुखता से रेखांकित किया गया। एनएचपीसी पैवेलियन को 'बेस्ट स्टाल इन साइंटिफिक इंटरवेंशन कैटेगरी' का पुरस्कार प्राप्त हुआ। अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा इस पैवेलियन का अवलोकन किया गया।
- एनएचपीसी को उत्तर प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा के विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'ऑनरेरी अवॉर्ड ' से सम्मानित किया गया।
- श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) ने दिनांक 19 सितंबर 2024 को नेशनल एचआरडी नेटवर्क (एनएचआरडीएन) के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय कोचिंग फेडरेशन (आईसीएफ) के सहयोग से आयोजित पहली 'पीएसई एचआर हेड्स मीट' के दौरान मानव संसाधन प्रमुखों की बैठक का नेतृत्व किया।
- एनएचपीसी की महिला शतरंज टीम ने शिलांग में नीपको द्वारा आयोजित इंटर सीपीएसयू शतरंज टूर्नामेंट (9-13 सितंबर 2024) में कांस्य पदक जीता।
- श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं एवं तकनीकी) ने प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित 92वीं आईकोल्ड एनुअल मीटिंग एंड इंटरनेशनल सिम्पोसियम ऑन डैम्स फॉर पीपल, वाटर, एनर्जी, एन्वायरमेंट एंड डेवलपमेंट में एनएचपीसी के पैवेलियन का उद्घाटन किया। इस पैवेलियन में बांधों के निर्माण में एनएचपीसी की क्षमताओं को प्रदर्शित किया जा रहा है।

- एनएचपीसी ने दिनांक 22 सितंबर 2024 को सिविल सर्विस XI और एनएचपीसी की टीमों के बीच मैत्रीपूर्ण टी-20 क्रिकेट मैच 'सद्भावना कप 2024' की मेजबानी की। इस मैच में एनएचपीसी ने जीत हासिल की।
- दिनांक 17 सितंबर 2024 को निगम मुख्यालय में बाबा विश्वकर्मा जयंती पूरी श्रद्धा के साथ मनाई गई।
- खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, निगम मुख्यालय के 35 धावकों के समूह ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ, नई दिल्ली में डीकैथलॉन द्वारा आयोजित 10 किलोमीटर की मैराथन दौड़ में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।
- दिनांक 29 सितंबर 2024 को 'वर्ल्ड हार्ट डे' की पूर्व संध्या पर, एनएचपीसी कार्मिकों और उनके परिवार के सदस्यों ने पीआईकेयू स्पोर्ट्स द्वारा नोएडा में आयोजित 'वर्ल्ड हार्ट डे रन' में भाग लिया।

इस अक्टूबर माह में गांधी जयंती मनाते हुए, आइए हम सभी महात्मा गांधी जी की शांति और अहिंसा की विरासत पर चलते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करें। यह विरासत हमें एकता और करुणा को अपनाने के लिए प्रेरित करती है। मैं आपको और आपके परिवार को दशहरा और दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देता हूं। यह त्यौहार आपके लिए खुशियां, एकजुटता समृद्धि और लाएं।

भवदीय,

**आर.के.चौधरी**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी**